हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–183 : जौनपुर, शनिवार 23 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

समिति की संस्तुतिया 3 वर्ष से लंबित होने के बाद भी नहीं हो रही बैठक–अतुल मिश्रा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सरकार जब किसी समस्या का हल नही निकालना चाहती है तो अधिकारियों की समिति गठित कर देती है । मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के बाद दूसरी कमेटी का क्या औचित्य है ? राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा है कि मुख्य बिंदु वेतन समिति की रिपोर्ट पर विचार कर संस्तुतियों को लागू करना है। जिसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी है। जिसके सदस्य अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक, अपर मुख्य सचिव वित्त एवं संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव सदस्य हैं। इस समिति की अभी तक एक भी बैठक नहीं हुई है। उसे कर्मचारी संगठनों एवं विभागीय प्रमुख सचिव के विचार सुनकर निर्णय लेकर कैबिनेट के अनुमोदन हेतु भेजना है । श्री मिश्र ने खेद व्यक्त किया है कि समिति की संस्तुतिया 3 वर्ष से लंबित होने के बाद भी मुख्य सचिव समिति की बैठक नहीं हो रही है । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्य सचिव को आंदोलन की नोटिस भेज रखी है ,परंतु मुख्य सचिव ने बैठक आहूत नहीं की। वेतन समिति पर निर्णय ना होने से कर्मचारियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि यदि नवंबर तक निर्णय नहीं किया गया तो 09 दिसंबर से प्रस्तावित कार्य बंदी करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसका उत्तरदायित्व सरकार का होगा। श्री मिश्र ने कहा है कि पुरानी पेंशन की बहाली हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी को अपनी संस्तुति भारत सरकार को भेजनी चाहिए। वैसे वे सांसद के रूप में पहले भी पुरानी पेंशन की बहाली की संस्तुति मा प्रधानमंत्री जी को कर चुके हैं। परिषद के सचिव डा पी के सिंह कहा है कि अगर कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा जारी रही तो सत्ताधारी दल को भावी चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा ।इस समय प्रदेश का 22 लाख कर्मचारी एवं उसका परिवार भीषण महंगाई से त्रस्त है ।सरकार को फ्रीज महंगाई भत्ते के एरियर का भी भुगतान कर देना चाहिए । परिषद ने माननीय मुख्यमंत्री जी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में प्रधानमंत्री जी को पत्र भेजकर अवगत करा दिया है।

बच्चे ही देश के भविष्य हैं : प्रो.निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार दिनांक 23 अक्टूबर 2021 को कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तरप्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला अध्ययन केंद्र, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र– प्राथमिक विद्यालय जंगीपुरकला, करंजाकला, जौनपुर में आंगनबाड़ी के बच्चों को कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य के द्वारा,कॉपी, कलम,पेंसिल, किताब, शैक्षिक उपकरण, खेलकूद के सामान एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। मैं स्वयं इन बच्चों के बीच बराबर आती रहूंगी और इनके पूर्ण विकास के लिए विश्वविद्यालय एवं मेरे द्वारा जो भी सहयोग होगा वह किया जाएगा। इस अवसर इंजीनियर अभिषेक कुमार मौर्य, श्रीमती खुशबू, पाखी पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राधिका यादव, सहायक अध्यापक देवेंद्र सिंह, राकेश कुमार, शिक्षामित्र

सरिता सिंह,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती किरण एवं संगीता, डॉ. विनय कुमार वर्मा, डॉ.शशिकांत यादव, सत्यम सुंदरम, राम प्रसाद यादव ओमप्रकाश, सुनील कुमार, विजय प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. राकेश कुमार यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका राधिका यादव ने किया।

सपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रमुख महासचिव राज नारायण बिन्द के जनपद में प्रथम आगमन पर किया जगह–जगह जोरदार स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रमुख महासचिव राज नारायण बिन्द का आज जनपद में प्रथम आगमन पर सिंगरामऊ बॉर्डर से समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के नेतृत्व मे नेता कार्यकर्ता ने जौनपुर पार्टी कार्यालय तक जगह–जगह जोरदार स्वागत किया वही पार्टी कार्यालय पर प्रमुख महासचिव राजनारायण बिंद,व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अवधनाथ पाल व राकेश मौर्या का स्वागत समारोह आयोजित किया गया सपा प्रदेश प्रमुख महासचिव राजनरायन बिन्द ने कहा समाजवादी पार्टी ने जो मुझे इतना बड़ा सम्मान दिया मैं पिछड़े का बेटा आज इतने बड़े दल का प्रदेश प्रमुख महासचिव बनाया गया हूं समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिनमें पिछड़े दलित और हर वर्ग का सम्मान है भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़े दलित को ठगने का काम किया है लेकिन अब पिछड़ा और दलित जाग गया है 2022 में समाजवादी सरकार बना कर पिछड़ा दलित अपने अपमान का बदला लेगा जिस तरह भाजपा सरकार ने झूठ बोलकर पिछड़े दलित का वोट लिया और पिछड़े दलित के ऊपर अत्याचार लगातार होते रहे लेकिन भाजपा पिछड़े दलित की कभी सुध नहीं ली आज अखिलेश यादव ने हम जैसे छोटे कार्यकर्ताओं को इतना बड़ा सम्मान दिया जिससे मैं और समाज बहुत गदगद है हम समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अपने समाज और सर्व समाज को साथ लेकर चलेंगे और समाजवादी सरकार बनाकर गरीब कमजोर दलित पिछड़े समाज को उनके अधिकार दिलाया जायेगा

समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो वह वादा करती हैं उसे सरकार बनने पर सबसे पहले पूरा करती हैं आज प्रदेश की जनता यह बात जान गई है 2022 में जनता तैयार बैठीं है समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए तैयार है स्वागत समारोह में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, पूर्व सांसद तूफानी सरोज, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, अरशद खाँ,जगदीश नरायन राय,राजबहादुर यादव, श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, डां जितेंद्र यादव,संजय सरोज, विवेक रंजन यादव, शुशील श्रीवास्तव, पूनम मौर्या, राजदेव यादव, श्रवण जयसवाल,आजम खां शरफराज खाँ,नन्दलाल यादव,गौरी सोनकर,श्याम नरायन बिन्द, रमेश साहनी,शिवजीत यादव, भानु प्रताप मौर्या,मालती निषाद उषा यादव सोनी यादव पंकज यादव, कमालुद्दीन अंसारी राजा समाजवादी मंयाकान्त यादव, लाल मोहम्मद रायनी,साजिद अलीम संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

नहीं मिला सात महीने का वेतन,कैसे गुजारे जिंदगी, डीएम के प्राथमिक विद्यालय छताई निरीक्षण के दौरान रसोईयो ने डीएम से कहा

डीकेयू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी तहसील परिसर में सुबह डीएम विजय किरण आनंद अचानक पहुंचे,उन्होंने पहुंचते ही खजनी क्षेत्र की समस्त अधिकारियों की गोपनीय बैठक लिए और बैठक में समस्त अधिकारियों को समय सीमा के अंदर जांच में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों निस्तारण करने का निर्देश दिये,9:00 बजे प्राथमिक विद्यालय छताई पहुंचे,जहां उन्होंने विद्यालय के भवन,रसोईया कक्ष व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया,उसके बाद छात्रों से संवाद किया,संवाद के दौरान संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि वे रूटीन के अनुसार छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करे,और उन्होंने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि कक्षा में पढ़े हुए सवालों का नोट भी तैयार करें। ये परीक्षा के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।उसके बाद डीएम खुद रसोईया कक्ष में पहुंचे वहां मौजूद दो रसोइयों से पूछा आपको कोई परेशानी है तो रसोइयों ने जवाब में कहा साहब 7 महीने हो गए वेतन नहीं मिला,खर्चे के लिए बहुत सासत हो रही है इस बात पर डीएम ने प्रधानाचार्य

को फटकार लगाई और एसडीएम को निर्देशित किया 3 दिन के अंदर भुगतान कराया जाना सुनिश्चित करे, इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार तहसीलदार प्रदुमन पटेल,ग्राम प्रधान आलोक सिंह,सप्लाई इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह,वीडीओ भैयइन लाल पटेल, कानुगो,लेखपाल तहसील के अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू, किसानों एवं वाणिज्यिक विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लाई गई "एकमुश्त समाधान योजना" अब कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी शुरू

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : अब प्रदेश के सभी जनपदों के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जनपद गोरखपुर में स्थित सभी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं, निजी नलकूप उपभोक्ताओं और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए लाई गई एकमुश्त समाधान योजना में 30 सितंबर तक के बकाये पर 100% सरचार्ज माफी की सुविधा शुरू हो चुकी है। अब संबन्धित उपभोक्ता अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क दिए इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 है। योजना के महत्वपूर्ण बिंदू निम्नलिखित हैं :– 2 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को 100: सरचार्ज माफी और 6 किश्तों में बिल भुगतान की सुविधा। – 2 किलोवाट से अधिक के घरेलू उपभोक्ताओं को 50% सरचार्ज माफी। – 2 किलोवाट तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 100% सरचार्ज माफी। – 2 किलोवाट से अधिक और 5 किलोवाट तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 50% सरचार्ज माफी। – समस्त विद्युत भार के निजी नलकूप उपभोक्ताओं को 100% सरचार्ज माफी। यह जानकारी देते हुए सीएससी ई–गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड के जिलाप्रबंधक विकास कुमार द्वारा यह बताया गया कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन लिए सभी कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए जा चूके हैं, और साथ ही इसकी क्षेत्रवार मोनिटरिंग भी की जा रही है।

पुरानी पेंशन बहाली सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आंदोलन के सात सूत्रीय मांगों को लेकर आज दूसरे आंदोलन के दूसरे दिन जनपदीय कोषाध्यक्ष रोहित यादव व जनपदीय मंत्री सतीश पाठक के नेतृत्व में जनपदीय एंव ब्लाक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मछलीशहर विधायक जगदीश सोनकर व मल्हनी विधायक लकी यादव को सौंपते हुए उनसे शिक्षकों की लंबित मांगों के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखने तथा अपनी पार्टी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से भी पुरानी पेंशन बहाली सहित शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के घोषणा पत्र में इसको सम्मलित कराने का निवेदन किया। संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह ने मल्हनी विधायक को अवगत कराया कि पुरानी पेंशन न होने के कारण किस प्रकार शिक्षक कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मल्हनी विधायक लकी यादव ने आश्वस्त किया कि पुरानी पेंशन बहाली सहित शिक्षकों की सभी प्रमुख मांगों के

संदर्भ में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के साथ ही मेरा प्रयास रहेगा कि आगामी विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में हमारी पार्टी शिक्षक/कर्मचारियों की वर्षों से लंबित पुरानी पेंशन योजना को सम्मलित करे। मछलीशहर विधायक जगदीश सोनकर ने कहा कि पुरानी पेंशन सभी शिक्षक/कर्मचारियों का अधिकार है और इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के साथ ही अपनी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी इससे चर्चा करूंगा। इस अवसर पर संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल, उपाध्यक्ष अतुल सिंह बक्सा अध्यक्ष सरोज सिंह, मड़ियाहूं अध्यक्ष विशाल सिंह, मंत्री प्रदीप सूर्या, नीतीश सिंह मछली शहर मंत्री अखंड प्रताप सिंह, मनोज सिंह,अरुणेंद्र प्रताप सिंह,राकेश सिंह सुरेंद्र यादव रमेश यादव जय सिंह यादव माहेश्वरी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एम. ए. जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश का अंतिम मौका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में संचालित एम ए जनसंचार विषय में सीधे प्रवेश का अंतिम मौका है। इच्छुक अभ्यर्थी दीपावली के अवकाश से पूर्व प्रवेश ले लें। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने इस बार पाठ्यक्रम की फीस को कम कर दिया है। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एमए जनसंचार पाठ्यक्रम में स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी सीधे प्रवेश ले सकते हैं। कोविड–19 को देखते हुए इस साल भी डायरेक्ट एडमिशन की सुविधा विद्यार्थियों को मिली हुई है। विभागाध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने बताया कि जनसंचार पाठ्यक्रम में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वेब मीडिया, विज्ञापन, जनसंपर्क, वीडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन, इंटरनेशनल कम्युनिकेशन, मीडिया मैनेजमेंट, फोटोग्राफी समेत विभिन्न विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम मीडिया इंडस्ट्री के अनुरूप होने से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगा। विश्वविद्यालय परिसर में 1998 से जनसंचार पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई थी। मीडिया की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जनसंचार पाठ्यक्रम तैयार किया गया । समय–समय पर पाठ्यक्रम को मीडिया संस्थानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपग्रेड किया जाता है। विभाग के पूर्व छात्र देश के बड़े मीडिया समूहों में पत्रकार से लेकर संपादक के पदों पर भी अपनी सेवा दे रहे हैं। राष्ट्रीय से क्षेत्रीय पत्रकारिता में विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

फिल्म 1922 प्रतिकार चौरी चौरा की शूटिंग गोला क्षेत्र के बिसरा सरयु तट पर हुई शुरू

डीके यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश गोरखपुर जिले के चौरी चौरा के ऐतिहासिक घटना पर आधारित हिंदी फिल्म 1922 प्रतिकार चौरी चौरा के कुछ दृश्य की शूटिंग गोला क्षेत्र के बिसरा गाँव मे हो रहा है। इस फिल्म मे भगवान अहीर के किरदार मे प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन निभा रहे है। 1922 मे एक बहुत बड़ी क्रांति हुई थी जिसको चौरी चौरा कांड से जाना जाता है। अब ये कांड नही है ये संग्राम है। इस घटना मे 200 से ज्यादा लोगो को गोलियों से भून दिया गया था। चौरी चौरा पर कभी फिल्म नही बना था इसलिए ये फिल्म बन रहा है इस फिल्म मे पूर्वांचल भी इस देश की आजादी मे बहुत बड़ा योगदान दिया था। इस फिल्म मे गौरव खरे जी चिंतहवा बाबा की भूमिका मे हैं। सरयु तट पर स्थित बिसरा मंदिर पर हो रहा है। इस फिल्म मे अपने उरुवा बेलासपूर क्षेत्र का एक लड़का आशीष गहलौत भी है जो क्रांतिकारी अब्दुल्ला के किरदार मे अहम भूमिका मे है। रविशंकर द्वारा प्रस्तुत और अभिक् भानु द्वारा निर्देशित फिल्म है डीओपी मनोज गुप्ता है।

खजनी की विचाराधीन महिला कैदी इलाज के दौरान मौत

डीके यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी थाना क्षेत्र के सरया गांव निवासी चंद्रावती उर्फ चंदा देवी जिला कारागार में विचाराधीन कैदी के रूप में थी, वह अपने बहू की हत्या में आरोपित थी,जेल में महिला चंद्रावती बेहोश होकर गिर गई थी जिनका शुक्रवार देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गया, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद स्वजन उनका अंतिम संस्कार राजघाट मुक्तिधाम पर किया गया, खजनी थाना क्षेत्र के सरया गांव निवासी रवि गुप्ता की शादी 2013 में धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांगे गांव निवासी रिंकी से हुई थी,रिंकी अपने ससुराल सरया गांव में 14 जून 2020 को संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मर गई थी जहां खजनी पुलिस ने रिंकी के भाई संतोष की तहरीर पर सास चंद्रावती देवी 64 बर्ष व ननंद बबीता 28 बर्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था,जहां सास व ननद जिला कारावास में बंद थी, शुक्रवार दोपहर जेल में सास चंद्रावती उर्फ चंदा देवी के बेहोश हो जाने से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई,चंद्रावती देवी अपने पीछे बड़े लड़के रवि 32 बर्ष व छोटा लड़का सत्यम 28 बर्ष को छोड़ गई, जो खजनी में कपड़े की दुकान पर नौकरी करते है।

खेल प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःखजनी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मथौली मे युवा कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,इस दौरान खिलाडियो ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया,प्रतियोगिता मे 300 मीटर दौड मे रामानंद यादव ,1500मीटर मे शिवम यादव ,800 मीटर दौड मे धर्मवीर , 400 मीटर मे कृ

ष्णा प्रथम तथा 200 मीटर बालिका वर्ग मे शान्ति प्रथम ,बालीबाल प्रतियोगिता मे औजार की टीम ने बाजी मारी,कबड्डी प्रतियोगिता मे साखडाड बाबू की टीम अब्बल रही,डिस्कस थ्रो मे सुधांशु मिश्रा अव्वल रहे,जबकि कुश्ती प्रतियोगिता 50 किलो मे अमन यादव , 54 किलोग्राम मे अंकित यादव ,69 किलोग्राम मे अभिषेक यादव ने बाजी मारी,कार्यक्रम के दौरान युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि खेल से शारीरिक व्यायाम मानसिक का सर्वांगीण विकास होता है, इसके लिए समय समय पर खेल का आयोजन किया जाना चाहिए।प्रतियोगिता के अन्त मे ब्लाक प्रमुख खजनी अंशु सिंह और उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने खिलाडियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मथौली शिवाजी यादव , अजीत यादव , अनिल यादव , कमलेश यादव , धर्मेंद्र यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पेट में गया जहर सिर्फ एक को मारता है और कान में गया जहर सैकड़ें रिश्तों को मारता है–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

चीन में वायरस आपदा पर 13 वर्षों से दी जा रही थी चेतावनी

20 साल पहले ९ध११ को उस समय दुनिया बदलगई थी जब 19 अरबी अपहर्ताओं ने चार हवाई जहाजों को न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और वाशिंगटन में पेटान्गन से टकरा दिया था।एक अकेले आतंकी हमले में 2977 लोगों की मौत हो गई थी पूर्णविराम अमेरिका ने अफगानिस्तान से लेकर 18 तक आतंकवाद के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया और सिर्फ 2002 में ही 59 अरब डालर खर्च कर दिए। आतंक के खिलाफ अमेरिका काखर्च 2020 में 109 अरब डालर हो गया लेकिन दुनिया आज भी सुरक्षित नहीं है। बीते साल दुनिया ने एक और खतरनाक हमले का सामना किया। यह अलकायदा या आईएस से नहीं बल्कि कोरोनावायरस से थी।कोरोनावायरस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को बदल दिया। भारत पाकिस्तान बांग्लादेश और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में बीते वर्ष मार्च के आखिर तक मौतों की संख्या की गिनती नहीं की जा सकती। लेकिन बीमारों की संख्या में भयानक बढ़ोतरी चिंताजनक रही है।

यह समझना कठिन नहीं है कि दक्षिणी एशिया की दोनों परमाणु शक्तियां इस हमले को रोकने में क्यों नाकाम रही?हां भारत और पाकिस्तान दोनों के पास लोगों को मारने और शहरों को मिटाने वाले परमाणु हथियार हैं लेकिन कोरोनावायरस आने वाली वैक्सीन तब नहीं थी । यही स्थिति दुनिया के एकमात्र सुपर पावर की भी थी। हालांकि आज भारत सहित दुनियाभर में कोरोना से बचाव के टीके लगाए जा रहे हैं। लेकिन यह वैक्सीन क्या प्रमाणित करती है कि टीका लगाने के बाद संबंधित व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं होगा? शायद अभी इस परतमाम वैज्ञानिक भी अभी असमंजस वाली स्थिति में है।

चीन पिछले कुछ सालों से अमेरिका की आर्थिक ताकत को चुनौती देने की आक्रामक कोशिश कर रहा था। लेकिन कोरोना से चीन और अमेरिका दोनों की ताकत पर सवाल खड़े कर दिए। चीन ने कोविड–19 को रोकने के लिए सिर्फ लॉकडाउन का समाधान निकाला उसके बाद अमेरिका से लेकर भारत तक इसी मॉडल को लागू करने लगे। तथ्य यह है कि अमेरिकी और चीनी वैज्ञानिक दुनिया को कोरोनावायरस के बढ़ते खतरे के प्रति वर्ष 2007 से ही आगाह कर रहे थे किंतु किसी ने भी नहीं सुना। 14 साल पहले अक्टूबर 2007 में क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी रिव्यू द्वारा प्रकाशित अध्ययन में कहा गया था की चीन गंभीर वायरस आपदा के टाइम बम पर बैठा है।

अमेरिकी सोसायटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी द्वारा प्रकाशित इस जर्नल में प्रकाशित यह चेतावनीहांगकांग के विश्वविद्यालयों के साथ काम कर रहे 4 वैज्ञानिकों ने लिखी थी। इनमें से एक कोक यंग यूएन एक चीनी थे और उन्होंने अधिकतर जानकारी अपने चीनी सूत्रों से एकत्र की थी। उन्होंने चीन में अजीब स्तनपाई ओ खासकरहारर्ष तू चमगादड़ खाने की आदतों को टाइम बम कहा था। उन्होंने सार्स के दोबारा उभरने और अन्य खतरनाक वायरस ओं की आशंका व्यक्त की थी। अमेरिकी थिंक टैंक रेन्ड कारपोरेशन ने पुनः 2012 में चेताया की अमेरिका को आतंकवाद से अधिक खतरा महामारी से है लेकिन इसे भी अमेरिका के नीति निर्धारकों ने नजरअंदाज कर दिया।वह आतंकवाद से लड़ाई पर जहां 100 अरब डालर हर साल खर्च कर रहे थे वही महामारी से लड़ने के लिए उनका बजट मात्र +1000000000 था। वर्ष 2015 में बिल गेट्स ने भी ऐसी चेतावनी दी थी।बराक ओबामा की आंतरिक सुरक्षा सलाहकार लिसा मोनाको ने इस पर कुछ काम शुरू भी किया था लेकिन इस बीच ट्रंप राष्ट्रपति बन गए।

अमेरिका की चर्चित पत्रिका अटलांटिक ने 2018 में इन्फ्लूएंजा के साथ अगले प्लेग के प्रति सतर्क भी किया था। 2019 में अमेरिका के जॉन हापकिंस सेंटर फार हेल्थ सिक्योरिटी ने भी चीन से वायरस आने के प्रति सतर्क किया था लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने सोचा था कि इसकी कीमत तो सिर्फ चीन ही चुक आएगा। मेरी नजर में इसके लिए चीन और अमेरिका दोनों जिम्मेदार हैं। चीन अपने अहंकार के लिए इस वायरस का जन्मदाता बन गया और अमेरिका ने वैज्ञानिकों की बात नहीं मानी परिणाम यह हुआ कि इन दोनों देशों ने मिलकर पूरी दुनिया को महामारी के गर्त में ढकेल दिया। इसआउटब्रेक के बाद अमेरिका ने अपनी अर्थव्यवस्था में 2 ट्रिलियन डॉलर डाले हैं लेकिन भारत तथा पाकिस्तान के पास आने वाले समय में अपने देश को महामारी से बचाने के लिए पर्याप्त धन है ऐसा स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। भारत और पाकिस्तान में एक मजबूत हेल्थ केयरढांचा खड़ा करने की बजाय हथियार खरीदने में ज्यादा धन खर्च किया है। अब हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह वह समय है जब हमें एक दूसरे से लड़ने की बजाय महामारी से लड़ना चाहिए।

मैं जानता हूंकि मेरे लिए यह लिखना आसान है कि दोनों देश लड़ना बंद करें लेकिन पाक की नापाक हरकत और दोनों देशों के नेताओं के लिए लड़ाई रोकना कठिन है। असल में उनके अहंकार आम जनमानस की समस्याओं से बड़े हैं।इसलिए चलो उन्हें एक दूसरे को गाली देने दो लेकिन कम से कम चुपके से रक्षा बजट में कटौती करके उस धन को हेल्थ केयर में लगा देना चाहिए।अमेरिकी और चीनी अर्थव्यवस्था ए तो अपने परमाणु बमों के साथ उबर जाएंगी लेकिन भारत और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाओं को आने वाले बरसों में ही मुसीबत का सामना करने को तैयार रहना होगा। वर्तमान समय में ही भारत बेरोजगारी से त्रस्त है। जबकि पाकिस्तान भुखमरी के कगार पर खड़ा है। आगे समस्या और भी भयावह रूप ले सकती है। भारत सरकार यह बयान देकर अपनी पीठ थपथपा सकती है कि उसने 135 करोड़ आबादी वाले देश में 7% कोविड–19 का टीका लगाने का कीर्तिमान रच डाला है।लेकिन इस बीच उसे कितनी सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेचना पड़ा है और क्यों बेचना पड़ा है इस विषय में उसे पूरी ईमानदारी से सोचना होगा। दूसरी तरफ आंतरिक समस्याओं तथा भुखमरी से जूझते पाकिस्तान को भी आत्ममंथन करना होगा की आवाम की खुशहाली उसके लिए ज्यादा जरूरी अथवा भारत में घुसपैठ के लिए निरर्थक रूप से धन का अपव्यय करना। एक आंकड़े के मुताबिक पाकिस्तान से जितना धन घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियों में खर्च होता है यदि उसका आधा धन भी आवाम की खुशहाली में लगा दिया जाए तो पाकिस्तान से भुखमरी का संकट समाप्त हो जाएगा। पाकिस्तान का रोम–रोम कर्ज में डूबा हुआ है बावजूद इसके बारे में सोचने के वह केवल भारत के प्रति खुराफात करने में लगा रहता है।आज स्थिति यह है कि पाकिस्तान खुद पाकिस्तान के लिए भस्मासुर साबित हो रहा। एक शायर की पंक्तियां चरितार्थ हो रही हैं।

''गजब कि पैर के नीचे तेरे जमीन नहीं,
कमाल ये हैं, फिर भी तुझे यकीन नहीं''?

(लेखक सुविख्यात पत्रकार एवं सामाजिक विश्लेषक हैं)

करीमनगर प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन विधायक रजनी तिवारी ने किया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्राथमिक विद्यालय करीमनगर ब्लॉक शाहाबाद के नवनिर्मित भवन का उद्दघाटन कार्यक्रम शाहाबाद की जनप्रिय विधायक माननीय रजनी तिवारी के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर ततपश्चात करकमलों द्वारा विद्यालय का फीता काटकर एवम शिलालेख का अनावरण कर किया गया। माननीय विधायिका जी इमरान खां की प्रसंशा करते हुए कहा कि उनकी अच्छी सोंच विद्यालय का सुन्दर वातावरण ,भवन की भव्यता एवम परिवेश देखकर स्वतः परिलक्षित होती है।हमारी सरकार ने विद्यार्थियों के लिए कायाकल्प योजना के माध्यम से विद्यालय भवन व परिवेश को सुंदर बनाने का कार्य किया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद श्री त्रिपुरेश मिश्र ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण एवम राष्ट्र निर्माता होता है इसमें शिक्षकों की सदा से ही अग्रणी भूमिका रही है।जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामन्त्री सन्तोष अग्निहोत्री ने विद्यालय भवन की प्रसंशा की और गांव के लोगो का आह्वाहन किया आप सभी इस विद्यालय की सुरक्षा करें।उन्होंने कोरोना वैरियर्स के रूप में कार्य कर रही डॉक्टर प्रवीण दीक्षित की पूरी टीम की प्रशंसा की और राष्ट्र के लिए किए गए उनके कार्यों की सराहना की।इस अवसर पर वर्ष2014 में सेवानिवृत्त

हुए शिक्षक लक्ष्मण दास जी का सम्मान विधायिका द्वारा किया गया।कोरोना वैरियर्स की डॉक्टर प्रवीण दीक्षित की पूरी टीम को विधायिका माननीय रजनी तिवारी जी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया और राष्ट्र के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यो की भूरी भूरी प्रसंशा की गई ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय बिधायिका एवम ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र द्वारा विद्यालय प्रांगण में बृक्षारोपण भी किया गया।आए हुए अतिथियों काआभार प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपेई ने व्यक्त किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री शशांक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ शाहाबाद के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपई,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ टोडरपुर के कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी श्री प्रवीन दीक्षित, जिला भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य श्री करुणा शंकर मिश्र,बिधि प्रकोष्ठ के संयोजक अमित मिश्र, प्रधानाध्यापक इमरान खां,ग्राम प्रधान श्री नन्हे लाल सहित विभिन्न ग्राम प्रधान एवम प्रेमकुमार, राजेन्द्र कुमार, मो शोएव, अनीस अहमद,अब्दुल मुजीव खां, विवेक शुक्ला अनिल सिंह सन्दीप श्रीवास्तव, सर्वार्थ राव,आदि शिक्षकों सहित भारी संख्या में ग्राम वासी एवम बच्चे उपस्थित रहे।मंच संचालन मो. तैयब ने किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यकत्री व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया स्मार्ट फोन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रो में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रीधमिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों हेतु सैमसंग स्मार्टफोन उपलब्ध कराये गये, जिनका वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद की समस्त 5 तहसीलों में किया गया, जिसमें श्रीमती ऊषा सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री सूर्यभान सिंह, विधायक, सदर द्वारा तहसील परिसर, सदर में, श्री देवमणि द्विवेदी, विधायक, लम्भुआ द्वारा तहसील परिसर, लम्भुआ में, श्री राजेश गौतम, विधायक, कादीपुर द्वारा ब्लाक परिसर, कादीपुर में तथा श्री सीताराम वर्मा , विधायक, जयसिंहपुर द्वारा तहसील परिसर, जयसिंहपुर में स्मार्ट फोन वितरित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी रवीश्वर राय ने बताया कि पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन का उपयोग आगनबाडी केन्द्रों पर की जा रही गतिविधियों की रिपोर्टिंग आनलाइन किये जाने हेतु किया जाना है। इससे सूचनाओं का प्रेषण सुगम व त्वरित होगा। आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा स्मार्ट फोन के माध्यम से सैम व मैम बच्चों का चिन्हीकरण पोषण के अन्य मानक पोर्टल पर फीड कराने एवं भारत सरकार के ''पोषण ट्रैकर'' ऐप पर सैम–मैम बच्चों की सूचना अंकित की जायेगी। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल एप्लीकेशन है। पोषण ट्रैकर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की समग्र पोषण और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने

के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान के तहत योजनाओं की बेहतर निगरानी करने के लिए पोषण ट्रैकर का उपयोग किया जा रहा है। जो आगनबाडी केन्द्रों पर सर्वे क्षेत्र के लाभार्थियों का नाम आधारित पंजीकरण करना तथा कई ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार लाने हेतु, शिशु एवं छोटे बच्चों को खिलाने का अभ्यास कराना, आगनबाडी कार्यकत्री द्वारा लाभार्थियों को प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता और समयबद्धता की निगरानी करना विभिन्न हितधारकों को त्वरित कार्यवाही और निर्णय लेने के लिए वास्तविक समय की जानकारी और अलर्ट के साथ रिपोर्ट और डैशबोर्ड की सुविधा प्रदान करना। उक्त वितरण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी रवीश्वर कुमार राव तहसील परिसर सदर व लम्भुआ में उपस्थित रहे। इसी प्रकार समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/ प्रभारी, ,मुख्य सेविकाएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां आदि सम्बन्धित तहसील के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

''नायिका'' मेगा इवेन्ट के तहत विभिन्न प्रशासनिक पदों पर मेधावी छात्राओं को बनाया गया सांकेतिक अधिकारी

सुलतानपुरः ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति–3.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ''नायिका'' मेगा इवेन्ट के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न प्रशासनिक पदों पर मेधावी छात्राओं को सांकेतिक अधिकारी बनाया गया, जिसके क्रम में श्रद्धा सिंह कक्षा 10 केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रा को सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा सांकेतिक जिलाधिकारी को प्रशासनिक कार्य कैसे किया जाता है एवं जनता दर्शन में प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण कैसे किया जाय। उसके सम्बन्ध मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा आयोजित ''नायिका'' मेगा इवेन्ट कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं ऐसे कार्यक्रमों से मेधावी छात्राओं को विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हो कर कैसे पदगत दायित्वों का निर्वहन किया जाता है, इसके प्रति जागरूक किया गया। जिसके फलस्वरूप उन्हें देश–प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुँचने की प्रेरणा मिलेगी। वैभवी सिंह कक्षा 10 सरस्वती शिशुमंदिर इण्टर कालेज को सांकेतिक पुलिस अधीक्षक बनाया गया। पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्रा द्वारा मेधावी छात्रा वैभवी सिंह से उनके लक्ष्य के बारे में जानकारी ली गयी एवं प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण कैसे किया जाता है, उसके सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। शैलिका पाण्डेय कक्षा 12 सरस्वती शिशुमंदिर इण्टर कालेज को सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा मेधावी छात्रा शैलिका पाण्डेय से भविष्य में किस प्रशासनिक पद पर जाना चाहती है उसके बारे मे जानकारी ली गयी छात्रा

द्वारा आई0ए0एस0 बनने की इच्छा जाहिर की गयी। आंकाक्षा मिश्रा कक्षा 12 केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रा को सांकेतिक जिला विकास अधिकारी बनाया गया, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0विश्वकर्मा द्वारा छात्रा को विकास कार्यो की कार्यशैली एवं प्रशासनिक पद को कैसे प्राप्त किया जाय। उसके सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, बालिका से उसके लक्ष्य एवं उसे जिला विकास अधिकारी के सांकेतिक पद पर आसीन होने पर कैसा महसूस हो रहा है, उसकी जानकारी ली गयी बालिका द्वारा खुशी व्यक्त किया गया। दर्शिका सिंह कक्षा 12 केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रा को सांकेतिक जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0 पी0 वर्मा द्वारा मेधावी छात्रा को प्रोबेशन विभाग के कार्यो एवं विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में बताया गया। इसी क्रम में विभिन्न जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर भी विभिन्न विद्यालयों में भी ''नायिका'' मेगा इवेन्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सरस्वती शिशुमंदिर इण्टर कालेज अवधेश कुमार सिंह, प्रवक्ता केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज श्री शैलेन्द्र चतुर्वेदी, महिला कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, महिला शक्ति केन्द्र, सीमा यादव, शिक्षिका केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज, जिला समन्वयक सरोज यादव, जिला समन्वयक संतोष पाल, संदीप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

वेडिंग सीजन में चारचांद लगायेगी सिल्क इंडिया प्रदर्शनी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। त्योहारों के आगमन के साथ हीं एक बार फिर वेडिंग सीजन की शुरुआत हो चुकी है। वेडिंग समारोह, पारिवारिक आयोजनों आदि विविध कार्यक्रमों के अनुकूल साड़ियों की व्यापक श्रृंखला एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा लखनऊ के कैसरबाग, बरादरी में सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों को सभी आयोजनों के लिए साड़ियों व ड्रेस के कई स्पेशल वेराइटीज मिलेंगे। प्रदर्शनी में 15 राज्यों की विशेष हैंडलूम साड़ियां ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने कहा कि हमारी संस्था सिल्क बुनाई कला को जीवित रखने के लिए पिछले कई सालों से निरंतर काम कर रही है। इस प्रदर्शनी में देश के कोने–कोने से आए बुनकरों द्वारा सिल्क की बहुत सारी वैरायटियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मानस आचार्य ने बताया कि 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2021 तक आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10.00 बजे से रात 8.00 बजे तक ग्राहकों को अपनी सेवा देगी। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में देश के विविध स्थानों की लोकप्रिय वैरायटी की मनमोहक साड़ियां एवं ड्रेस मटेरियल पेश किए गए हैं। तरह–तरह के डिजाइनर पैटर्न्स, कलर कॉम्बिनेशन में इन साड़ियों का व्यापक खजाना यहां उपलब्ध है। इस भव्य प्रदर्शनी में देश के विविधा प्रांतों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय वैरायटी का चुनिंदा संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यहां प्रस्तुत हर साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल अपने आप में अद्वितीय और मनमोहक हैं। मानस ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के साथ हीं फैशन फोटोशूट का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रोफ शनल मॉडल्स ने देशभर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की एक से बढ़कर एक 15 मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्षित किया। इस विशिष्ट संग्रह में तमिलनाडु से कोयम्बटोर सिल्क, कांजीवरम सिल्क, कर्नाटका से बेंगलुरु सिल्क, क्रेप और जार्जेट

साड़ी, बेंगलुरु सिल्क, रॉ सिल्क मटेरियल, आंध्र प्रदेश से कलमकारी

पोचमपल्ली, मंगलगिरी ड्रेस मटेरियल उपाडा, गड़वाल, धर्मावरम, प्योर सिल्क साड़ी, बिहार से टसर, कांथा, भागलपुर सिल्क ड्रेस, मटेरियल, पंजाबी फुल कारी वर्कसूट व ड्रेस मटेरियल, ब्लॉक हैंडप्रिंट, खादी सिल्क एवं कॉटन ड्रेस मटेरियल सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खासकर वैवाहिक समारोह के आगामी सीजन को देखते हुए महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में यहां साड़ियों की खरीदारी की जा रही है। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। सभी डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पेमेंट की सुविधा है। देशभर में 100 श्रेष्ठ बुनकर सिल्क फॅव में सिल्क एवं कार्टन साड़िया, सूट्स, ब्लॉकप्रिंट, जार्जेट साड़ियों, डिजाइनर साड़ियों, बनारसी सिल्क साड़ियों के व्यापक संग्रह के साथ उपस्थित हैं। आयोजन स्थल पर निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था है। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से कोसा सिल्क, घीचा सिल्क साड़ी, मलबरी रॉ सिल्क, ब्लॉक प्रिंटेड सिल्क साड़ी, गुजरात से बांधनी, पटोला, एम्ब्रायडरी, गुजराती मिरर वर्क एवं डिजाइनर कुर्ती, जम्मू और कश्मीर से तबीसिल्क साड़ी, पशिमना शॉल, चिनान सिल्क साड़ी, जयपुरी कुती, ब्लॉक प्रिंट, सांगनेरी प्रिंट, कोटा डोरिया उत्तरप्रदेश से तंचोई बनारसी, जामदानी, जामा वार ब्रोकेट ड्रेस मटेरियल, लखनवी चिकन, पश्चिम बंगाल से शांति निकेतन कांथा साड़ी, बालूचरी, निमजरी साड़ी, प्रिंटेड साड़ी, धाकई जामदानी, एवं महाराष्ट्र की लोकप्रिय जरी पैठणी साड़ियां प्रस्तुत की गई है। राजस्थान के बगरू प्रिंट और सांगानेरी प्रिंट से रोहित गुप्ता सहित तमाम स्टाल लगे हुए हैं।

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का होगा उत्पादन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से राजधानी में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन का रास्ता साफ हो गया है। ब्रह्मोस का उत्पादन उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर के सरोजनीनगर क्षेत्र में किया जाएगा। इसके लिए सरोजनीनगर में 80 हेक्टेयर जमीन चिन्हित कर ली गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2018 (यथासंशोधित) के प्राविधानों में ढील देते हुए डीआरडीओ ब्रह्मोस, रक्षा मंत्रालय के पक्ष में इस जमीन को निःशुल्क एक रुपये के टोकन वार्षिक लीज रेंट पर देने का फैसला किया है। इस नीति के तहत डीआरडीओ ब्रह्मोस को भूमि खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत देने के प्रस्ताव को भी मंजूर दी है। ब्रह्मोस उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर के लखनऊ नोड में स्वदेशी तकनीक से विकसित होने वाली उच्च तकनीक की मिसाइल होगी। इस परियोजना के तहत द्य डीआरडीओ की ओर से अगले पांच से सात वर्षों में कुल 9,300 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।कैबिनेट के अन्य फैसले लघु व सीमांत किसान कम से कम 50 हेक्टेयर कृषि भूमि पर क्लस्टर बना सकेंगे। उनके उत्पादों का निर्यात होगा, ताकि उन्हें बेहतर मूल्य मिल सके। प्रदेश की



लैंड लाक स्थिति को देखते हुए निर्यात के लिए परिवहन अनुदान पांच रुपये से बढ़ाकर दस रुपये प्रति किलोग्राम पोर्ट तक उत्पाद पहुंचाने के मार्ग व्यय सहित किया गया है। मंडी शुल्क व यूजेज चार्जेज में मिलेगी छूट। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक के विकास के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को अपना उपक्रम लगाने के लिए भूमि आवंटित कर दी है। बीडीएल को भूमि के सकल विक्रय मूल्य का 25 फीसद धनराशि की छूट के साथ 183 हेक्टेयर भूमि एक रुपये टोकन प्रति वर्ष के लीज रेंट पर देने का निर्णय लिया गया है। 15 दिसंबर तक होगी मक्का खरीद, मूल्य 1870 रुपये प्रति क्विटल होगी।

पुलिस स्मृति दिवस पर अपने 2 दिवंगत साथियों को दी गयी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षु उप निरीक्षकों का नियुक्ति के लिए धरने के 58वें दिन पुलिस स्मृति दिवस पर अपने 2 दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गयी। पुलिस स्मृति के दिन प्रशिक्षु उप निरीक्षकों के धरने के 58वें दिन शहीदों को नमन किया साथ ही अपने बैच के 2 प्रशिक्षु उप निरीक्षक जिनका प्रशिक्षण से वापस आने के बाद देहांत हो गया था उन्हें श्रद्धांजलि दी। उमाकान्त यादव ने कहा कि हम 2486 दरोगाओं में से 2 भाई शशांक चौधरी एवं वरुण प्रधान और उनके परिवार इस सरकार की गलत रणनीतियों और नकामयाबी का शिकार इस प्रकार हुए कि उनके लिए न्याय कभी आया ही नहीं। माननीय न्यायालय को भी इस संबंध में विचार करना चाहिये कि कोई निर्णय आने में इतनी देरी न हो जाए कि इंसाफ मागने वाला रहे ही न इंसाफ देखने को। इस कार्यक्रम को विकास मिश्र ने संबोधित करते हुए बताया कि हम सभी प्रशिक्षुओं को जुलाई 2019 से जुलाई 2020 तक एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद घर जाने का आदेश दिया गया जिसमें न तो हमें कहीं अन्य नौकरी करने की स्वतंत्रता दी गयी न ही हमें निष्काशित किया गया जिस कारण हम अधर में लटके हुए हैं। ना तो अन्य किसी विभाग में नौकरी करने जा सकते हैं न ही यहाँ नियुक्ति दी जा रही है। हमारी आवाज शासन प्रशासन तक पहुँचाने में पत्रकार

सहयोग करें।समस्त प्रशिक्षु उप निरीक्षक भर्ती वर्ष 2016 प्रशिक्षण वर्ष 2019 आभारी रहेंगे।

इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने नकली जे0के सीमेंट बनाने वाली कम्पनी का किया पर्दाफाश

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य के कुशल पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 22.10.2021 को कम्पनी के विशेषज्ञ सुनील पुत्र धीरेन्द्र सिंह निवासी लांसर्स नेटवर्क लि0 630 कोहिनूर एनक्लेव वेस्ट एण्ड मार्ग सैदुल्लाजाब थाना महरौली जिला दक्षिण नई दिल्ली अधिकृत मैनेजर जे0के0 सीमेंट की सूचना पर नकली जे के सीमेंट बनाने वाली कम्पनी का पर्दाफाश करते हुए 659 जे0के0 सिटी अलीनगर सुनहरा के पास से 01 नफर अभियुक्त सुरेन्द्र मौर्या पुत्र हीरालाल मौर्या निवासी रूचिखण्ड । शारदानगर आशियाना लखनऊ को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। नकली जे0के0 सीमेंट के भरे हुए 25 बोरे व 33 खाली बोरों के बरामद होने के आधार पर कम्पनी के विशेषज्ञ सुनील पुत्र धीरेन्द्र सिंह उपरोक्त की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 450/2021 धारा 63 कापीराइट अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव, कॉन्स्टेबल योगेश कुमार, योगेन्द्र कुमार शामिल रहे।

राज्य मंत्री नें सभी मृतकों के बारिश को आपदा में दिये चार लाख का प्रमाण पत्र

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : शहर के रिहायशी इलाका रोजा अर्जन वार्ड में गुरुवार की रात में एक दो मंजिला जर्जर मकान के गिर जाने से मकान के अंदर मौजूद 5 लोगों की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया इस घटना की जानकारी जब शहर के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी को पता चली तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से बात करके इस घटना की जानकारी दी माननीय मुख्यमंत्री जी ने घटना को गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन को त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी ने जिलाधिकारी को फोन करके राहत कार्य में तेजी और घायलों को तुरंत संमुचित इलाज कराने का प्रबंध करने का निर्देश दिया । आज प्रातः लखनऊ से चलकर आवास व शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी सीधे घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने परिवार के लोगों को इस हृदय विदारक घटना की गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। घटनास्थल पर एडीएम और तहसीलदार सदर और सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य मंत्री द्वारा सभी मृतकों के बारिश को चार 400000 (चार लाख) का प्रमाण पत्र दिया। मृतक–1. सैफ पुत्र जमालुद्दीन, 2. कैफ पुत्र जमालुद्दीन, 3. मिश्वा पुत्री जमालुद्दीन , 4. संजीदा पत्नी जमालुद्दीन, इन चारों मृतकों के प्रमाण पत्र इनके बारिश वजीरुद्दी पुत्र जमालुद्दीन को दिया जो कि लगभग (16 लाख)रुपया हुआ 5. मृतक अजीमुल्ला पुत्र कतवारू की पत्नी आसमा पत्नी अजीमुल्ला को 400000(चार लाख) का प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा जर्जर मकान गिरने के कारण गृह अनुदान दैवी आपदा कोष से 95100 रुपए का प्रमाण पत्र वजीरउद्दीन को दिया गया और अनुदान का पैसा 95100 सन्नो

पत्नी कमालुद्दीन को भी दिया गया, और समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय परिवारिक योजना के अंतर्गत 30000 रुपए का प्रमाण पत्र और दिया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत इन सभी परिवारों को आवाज भी आवंटन कराया जाएगा जिसका निर्देश दे दिया गया है इन सभी प्रमाण पत्रों का पैसा आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित बारिशों के खाते में सीधे चला जाएगा। हादसे स्थल पर व्यापारी नेता इंद्रभान सिंह हिंदू ,एडीएम, तहसीलदार सदर , राज्यमन्त्री के मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव सभासद , श्याम मोहन अग्रवाल, रामसूरत मौर्या, सभासद, नंद लाल यादव, विकास शर्मा ,राजदेव यादव सुनील यादव, मनीष सोनकर , शाजिद हलीम सभासद और रवि देवनाथ आदि लोग रहे। राज्यमंत्री इस हादसे में में घायल लोगों को देखने जिला चिकित्सालय पहुंचे पीड़ितों से मिलकर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और डॉक्टरों को निर्देश दिया इलाज में किशी प्रकार कोई लापरवाही न कि जाए।

''पंचायत भवन शेखपुर सुतौली ब्लाक खुटहन तहसील शाहगंज, जौनपुर'' में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुक्रम में 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक मनाये जा रहे ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अर्न्तगत माननीय जनपद न्यायाधीश एम0 पी0 सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में श्रमिको को उनके विधिक अधिकार एवं विधिक सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने हेतु आज 22 अक्टूबर 2021 को ''पंचायत भवन शेखपुर सुतौली ब्लाक खुटहन तहसील शाहगंज, जौनपुर'' में विधिक साक्षरताध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत, द्वारा बताया गया कि भारतीय श्रम कानून, कर्मचारियों और नियोक्ताओं के बीच स्पष्ट व्यापारिक संबंधों को स्थापित करने पर जोर देते है, इन सभी श्रम कानूनों का मुख्य उद्देश्य, श्रमिकों के हितों की रक्षा करना है ताकि इन्हें उचित मजदूरी, काम के तय घंटे, जॉब सिक्यूरिटी और बोनस जैसे अन्य लाभ मिले भारत में श्रम कानून संविधान की समवर्ती सूची में आते है। उद्योग तथा श्रम सम्बन्धी विधान में वे सब अधिनियम आते है। जो कारखाने तथा श्रमिकों के काम की दशाओं का नियमन करते है तथा कारखाना के मालिकों एवं श्रमिकों के दायित्व का उल्लेख करते है। कारखान अधिनियम 1948, औद्योगिक संघर्ष अधिनियम 1947, श्रम संघ अधिनियम 1926, श्रम जीवी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 इत्यादि उद्योग तथा श्रम संबंधी कानूनों की श्रेणी में आते है। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने संबंधी विधानों के अंतर्गत वे समस्त अधिनियम आते है जो श्रमिकों के लिए विभिन्न सामाजिक लाभों, बीमारी, प्रसूति, रोजगार संबंधी आघात, प्राविडेंट फंण्ड, न्यूनतम मजदूरी इत्यादि की व्यवस्था करते है। इस श्रेणी के कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, कर्मचारी प्राविडेंट फंण्ड अधिनियम 1952, कोयला खान श्रमिक कल्याण कोष अधिनियम 1947, भारतीय गोदी श्रमिक अधिनियम 1934 तथा मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 इत्यादि प्रमुख है। राज्य और केन्द्र सरकारों को काम और स्थान के अनुसार मजदूरी तय करने की शक्ति प्राप्त है। इसी क्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं, गरीब एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के हितार्थ निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता प्रदान कराये जाने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त कुलदीप सिंह द्वारा श्रमिकों के कार्यो, कार्य अवधि तथा कार्य अवधि से अधिक समय तक कार्य लिये जाने पर अतिरिक्त मजदूरी भुगतान के नियमों एवं क्षतिपूर्ति अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी मानसिंह द्वारा जनसेवा के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुए ई–श्रम पोर्टल तथा प्रधानमंत्री द्वारा जारी योजना के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा मुंख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मध्यस्थता तथा धारा 67ए ग्राम सभा की जमीन व विधिक सेवा गतिविधियों तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करायी गयी।

प्लास्टिक उन्मूलन द्वारा ही पर्यावरण संरक्षण संभव – डा0 ब्रजेन्द्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सल्तनत बहादुर पी0जी0 कॉलेज बदलापुर जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 बृजेंद्र सिंह जी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ 0 ब्रजेंन्द्र सिंह ने कहा कि आज प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए खतरा बना हुआ है प्लास्टिक उन्मूलन द्वारा ही हम अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम मोहन अस्थाना ने किया तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मुमताज अहमद असांरी नो किया। तत्पश्चात एक रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली अपने निर्धारित मार्ग पर चलते हुए रास्तों में बिखरे हुए प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा थैले में एकत्र किया गया।

रैली बदलापुर बाजार का भ्रमण करते हुए चंदन शहीद मार्ग व सब्जी मंडी पहुंच कर लोगों को पॉलिथीन न प्रयोग करने हेतु जागरूक किया तथा खेलों में लगभग 10– 12 किलो प्लास्टिक को एकत्र किया गया तथा रैली महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गई । रैली में स्वयंसेविका खुशबू रिया साक्षी शिवांगी अंशिका ज्योति व काजल तथा स्वयंसेवक प्रियांशु आयुष आलोक सरगम अभिषेक आदि स्वयंसेवक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना किए कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जोरावर सिंह डॉक्टर महेंद्र सिंह डॉ पवन सिंह डॉ डीके पटेल डॉक्टर रोहित सिंह उपस्थित रहे।

टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में रात–दिन लगे स्वास्थ्य कर्मी को चन्द्रेश गुप्ता ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरहठी, जौनपुर पर कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में तरहठी मंडल अध्यक्ष श्री चंद्रेश कुमार गुप्ता जो कि ग्राम प्रधान भी है उन्होंने स्वास्थ्य कर्मी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के रूप में सामने आई, जिसके बाद से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शासन के दिशा–निर्देशों पर रात–दिन मेहनत की सभी स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से आज जनपद कोरोना मुक्त हुआ है। कोरोना वैक्सीन की पहली डोज सभी पात्र लाभार्थियों को लग चुकी है, और दूसरी डोज भी 60 प्रतिशत लोगो को लग चुकी है उन्होंने आगे कहा कि मोदी के मार्गदर्शन में हम निरंतर इस लड़ाई में मजबूत हो रहे है इसका श्रेय स्वास्थ्य कर्मियों एवं राज्य के प्रसाशन को जाता है। इसके लिये स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्यों को बधाई।

उपेन्द्र तिवारी 24 को सिरकोनी में अमर शहीद स्थल में महापुरूष की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल, युवा कल्याण एवं पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश उपेन्द्र तिवारी जी 24 अक्टूबर 2021 को 2:15 बजे ग्राम पंचायत हौज, विकास खण्ड–सिरकोनी में अमर शहीद स्थल / महापुरूष की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 03 बजे निरीक्षण भवन, लो०नि०वि०, जौनपुर में मा० मंत्री जी–पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 04 बजे पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में मा० मंत्री जी अमृत महोत्सव पर स्वच्छ भारत अभियान पर संगोष्ठी को सम्बोधित करेंगे । 05 बजे मा. मंत्री जी–प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए जन–सामान्य के साथ प्लास्टिक सफाई अभियान में सम्मिलित होंगे। 05:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की जिला योजना वर्ष 2021–22 की बैठक की अध्यक्षता मा० मंत्री जी द्वारा की जायेगी। रात्रि भोजन एवं प्रवास निरीक्षण भवन, लो०नि०वि में करेंगें। 25 अक्टूबर 2021 को 10.30 बजे उमानाथ सिंह, स्वशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्दीकपुर, जौनपुर के लोकार्पण कार्यक्रम में मा० मंत्री जी भाग लेंगे।

विधायक ने दिया 13 प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में नव चयनित 13 प्राविधिक सहायकों को शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 विधायक जफराबाद डा. हरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में नव नियुक्त प्राविधिक सहायकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मा0 विधायक जफराबाद डा. हरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कृषि एवं किसानों के विकास के बीच मुख्य कड़ी प्रसार की है, आप लोगों की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से हुई है, आप लोगों के ऊपर सरकार द्वारा संचालित सभी किसानों की हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, आप लोग पूरे मनोयोग से ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी नव नियुक्त प्राविधिक सहायको के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह तथा संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक जय प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी केके सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम शशिकेश सिंह, द्वितीय अमित कुमार चौबे मौजूद रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ प्र द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए विभिन्न निर्देश

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ प्र द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न निर्देश दिए गए । मतदाता सूची में के संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 से पूर्व की गतिविधिया अन्तर्गत पोलिंग स्टेशनों के सम्भाजन के उपरान्त बूथ लेबिल अधिकारियों/ सुपरवाइजरों की नियुक्ति पर जानकारी ली। आलेख्य प्रकाशन से पूर्व राजनैतिक दलों की बैठक के बारे में निर्देश दिए गए। सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ईआरओनेट पर लॉगिन की स्थिति की समीक्षा की। सभी मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकरणों की उपलब्धता डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्रीज के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि जनपद स्तर समीक्षा की जाए, किसी भी दशा में काम रुकने न पाए। नया वोटर बनने हेतु फार्मों को आनलाइन सबमिट करने के बारे में एन.वी.एस.पी, वोटर पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप को प्रोमोट किये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। सभी मतदान केन्द्रों पर पदाभीतअधिकारी नियुक्त किया जाय। बीएलओ के गरुण ऐप डाउनलोड कराया जाय तथा इसका प्रशिक्षण देकर सूचना देने के निर्देश दिए गए। स्वीप योजनान्तर्गत कालेजों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब को सक्रिय करते हुए हर कालेज में निर्वाचन कक्ष बनाया जाय। 18 व 19 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को व महिलाओं को विशेष रूप से मतदाता बनने हेतु प्रेरित किया जाय। ईवीएम/ वीवीपैट से संबंधित की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ईवीएम के जागरूकता के लिए शेड्यूल बना ली जाए। कोविड प्लान एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट प्लान की तैयारी की समीक्षा भी की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, राजेश वर्मा, अमिताभ यादव ,जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, रमेश चंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संबंध में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि किसी भी दशा में चारे व इलाज के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न होने पाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी बनी गो आश्रय स्थल में जो भी कमियां हो उसे तत्काल दूर कर लिया जाए और अभियान चलाकर नए गोआश्रय स्थल बनाने का कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में गोआश्रय स्थल बनाए जाना है, इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि आवंटित गो आश्रय स्थल का नियमित निरीक्षण करें। बैठक में निर्माणाधीन आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

बैंक लोन देकर योजनाओं को परवान चढ़ाने की कवायद

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : बैंक लोन देकर योजनाओं को परवान चढ़ाने की कवायद शुरू की गई है। भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से मेला लगाकर कारोबारियों व जरूरतमंदों को भारी मात्रा में लोन का वितरण किया गया। लोन लेने वाले कारोबारियों तथा जरूरतमंदों से सही ढंग से पैसे का उपयोग करने की सलाह दी गई। वीर विनय चौराहा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मेला लगा कर कारोबारियों तथा जरूरतमंदों को लोन वितरित किए गए। मेले में तीन करोड़ 2000000 रुपए का लोन स्वीकृत किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मुख्य प्रबंधक कैलाश नाथ ने कहा कि बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिए सरकार की तरफ से लोन देने की व्यवस्था शुरू की गई है। घर बनाने कृषि कार्य करने कार लेने मुद्रा लोन व अन्य व्यक्तिगत कार्यों में बैंक की तरफ से जरूरतमंदों को लोन दिया जा रहा है। मैनेजर सेल्स वह बिजनेस विवेक द्विवेदी ने कहा कि 18000000 रुपए का होम लोन 22 लाख रुपए का कृषि लोन तथा रु 45000 का कार लोन स्वीकृत किया गया है। मंडी समिति एसबीआई प्रबंधक सरोज मिश्र ने कहा कि एक करोड़ 3000000 रूपए का व्यक्तिगत लोन 26 रु 8 का मुद्रा लोन वर्क 3 करोड़ 20 लाखों रुपए का कुल लोन स्वीकृत किया गया है। मुख्य प्रबंधक सेल्स तथा बिजनेस एचएस गौतम मुख्य प्रबंधक आरएसईसी राजेश यादव एमपीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन जी पी तिवारी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

विद्युतीकरण अधूरा छोड़कर संस्था हो गई फरार

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम हरिहर नगर एवं लोहे पनिया गांव में विद्युतीकरण का कार्य अधूरा छोड़कर संस्था फरार हो गई है। विद्युतीकरण का कार्य पूरा ना होने से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल पा रही है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्यवाही एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग की है। ग्रामवासी मास्टर अब्दुल्लाह समोसम शिव सिंह महेंद्र तिवारी नन्हे दिनेश बाबर को आदि ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि हरिहर नगर एवं लोहे पनिया गांव में कई माह पूर्व विद्युतीकरण का कार्य शुरू हुआ था पूर्णविराम कार्यदाई संस्था की तरफ से गांव में बिजली के खंभे भी लगा दिए गए थे। पोल पर अभी तक ना तो तार खींचे गए हैं और ना गांव में ट्रांसफार्मर ही लगाया गया है। विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराए बिना ही कार्यदाई संस्था काम छोड़कर फरार हो गई है। विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में कई बार बात भी की जा चुकी है लेकिन कोई भी अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्यवाही एवं शीघ्र ही कार्य पूरा करा कर विद्युत आपूर्ति शुरू कराने की मांग ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी से की है। एसडीओ विद्युत प्रेमचंद्र ने बताया कि शिकायत मिली है शीघ्र ही कार्य पूरा कराकर विद्युत आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, राशन कम देने का लगाया आरोप

बलरामपुर ब्यूरो डॉक्टर संजय शुक्ला : गैसड़ी विकासखंड के ग्राम जल हंसा गांव में कोटेदार की तरफ से भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने कोटेदार पर कम राशन बांटने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने राशन वितरण की जांच कराकर कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ग्रामवासी राधा कलावती रामराजी सुनीता सुनीता तारा चिंता ना बेलाई व उदय राज आदि ने गांव में प्रदर्शन करते हुए कहा कि हम लोग अंत्योदय कार्डधारक है। कोटेदारहम लोगों को हमेशा कम राशन देते हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो राशन की जगह मात्र 25 किलो राशन ही दिया जाता है। यूनिट के आधार पर भी राशन में कटौती की जाती है। राशन के लिए अधिक पैसा भी वसूला जाता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कोटेदार ने मई से लेकरसितंबर माह तक का मुफ्त राशन भी अभी तक वितरित नहीं किया है। राशन की मांग करने पर कोटेदार कार्ड धारकों के साथ दुर्व्यवहार भी करता है। इन लोगों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि यदि शीघ्र ही कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही ना की गई तो हम लोग आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है शीघ्र ही जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

अमर शहीद अशफाक उल्ला खां समाज के लिए देशभक्ति का पर्याय हैं– अम्बरीष कुमार सक्सेना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है. देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है .' यह लाइनें उन अमर शहीदों की जुबान से निकली हैं जिन्होंने देश की आजादी के खातिर फांसी के फंदे को चूम लिया। शाहजहांपुर के रहने वाले शहीद अशफाक उल्ला खान, शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और ठाकुर रोशन सिंह पर शाहजहांपुर के रहने वाले लोग आज भी फक्र महसूस करते हैं। अमर शहीद अशफाक उल्ला खां समाज के लिए देशभक्ति का पर्याय हैं। 22 अक्टूबर'1900 को उनका जन्म शाहजहांपुर में हुआ था।करीब तीन सौ साल पहले अशफाक के पूर्वज अफगानिस्तान से भारत आए थे। जमींदार परिवार के पिता शफीक उल्ला खां व मां मजहूरुन्निशां बेगम के चार बेटों में अशफाक शफीउल्ला, रियासत उल्ला, शहंशाह उल्ला खां थे। रियासत उल्ला बिस्मिल के साथ पढ़ते थे, लेकिन उनकी दोस्ती अशफाक से हुई। अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल और ठा. रोशन सिंह के साथ फांसी का फंदा चूमकर उन्होंने स्वतंत्रता के आंदोलन को तीव्र गति दी थी। शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने बताया कि वर्ष 1920 में महात्मा गांधी ने भारत में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया। वर्ष 1922 में चौरी चौरा कांड के बाद महात्मा गांधी ने आंदोलन वापस ले लिया। इस स्थिति में अशफाक उल्ला सहित विभिन्न लोग कुपित हो गए। इसके बाद अशफाक ने अपने समान विचारों वाले स्वतंत्रता सेनानियों से मिलकर नया संगठन बनाने का निर्णय लिया और वर्ष 1924 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। अपने आंदोलन को आगे बढ़ाने और हथियार खरीदने के लिए अशफाक उल्ला खां ने अन्य क्रांतिकारियों के साथ शाहजहांपुर में 08 अगस्त 1925 को बैठक की। एक लंबी विवेचना के बाद रेलगाड़ी में जा रहे सरकारी खजाने को लूटने का कार्यक्रम बनाया गया। 09 अगस्त 1925 को अशफाक समेत उनके क्रान्तिकारी साथियों पं. राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठा. रोशन सिंह, शचींद्रनाथ बख्शी, चंद्रशेखर आजाद, केशव चक्रवर्ती, बनवारी लाल, बनवारी लाल, मुरारी शर्मा, मुकुंदी लाल और मन्मथनाथ गुप्त ने मिलकर लखनऊ के निकट काकोरी में रेलगाड़ी में जा रहा ब्रिटिश सरकार का खजाना लूट लिया। अशफाक उल्ला खां अकेले थे, जिनका पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। वह छुपते हुए बिहार से बनारस चले गये, जहां उन्होंने दस माह तक एक अभियांत्रिकी कंपनी में काम किया। वह अभियान्त्रिकी के आगे के अध्ययन के लिए विदेश जाना चाहते थे, जिससे स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके। फिर वह देश छोड़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्होंने अपने एक पठान दोस्त की सहायता ली।जो पहले उनका सहपाठी रह चुका था। दोस्त ने उन्हें धोखा देते हुये उनका ठिकाना पुलिस को बता दिया। 17 जुलाई 1926 की सुबह पुलिस उनके घर आयी और उन्हें गिरफ्तार कर ले गई। अशफाक उल्ला को फैजाबाद कारावास में रखा गया और उनके विरुद्ध एक मामला आरंभ किया गया। उनके भाई रियासतुल्लाह खान उनके कानूनी अधिवक्ता थे। कारावास के दौरान अशफाक उल्ला खां ने कुरान का पाठ किया और नियमित तौर पर नमाज पढ़ना आरंभ कर दिया। रमजान में कठोरता से रोजे रखना शुरू कर दिया। काकोरी डकैती का मामला रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी और ठा. रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाकर पूरा किया गया। अशफाक उल्ला खां को 19 दिसम्बर 1927 को फैजाबाद कारावास में फांसी की सजा दी गयी। उनके क्रांतिकारी व्यक्तित्व और कृतित्व के कारण लोगों के लिए वे शहीद माने गये। वह मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा के कारण युवाओं के

लिए प्रेरणास्रोत बन गए। फांसी एक सप्ताह पहले मिलने गए थे रियासत। अमर शहीद अशफाक उल्ला खां को 19 दिसंबर 1927 को फांसी दी जानी थी। फांसी से करीब दस दिन पहले उनके बड़े भाई रियासत उल्ला खां व परिवार के लोग अशफाक उल्ला से फैजाबाद जेल में मिले। उन्होंने मां व भाई को बताया कि काल कोठरी में बंद दो लोगों को फांसी होनी है। एक पर कत्ल का आरोप है। दूसरे वह हैं जो वतन के लिए जान देने जा रहे हैं। इसलिए रोएं नहीं गर्व करें। फिर सभी के आंसू पोंछे। अशफाक उल्ला खां ने हिदी, उर्दू व अंग्रेजी में कई कविताएं, गजल, पत्र लिखे। जेल में रहकर डायरी भी लिखी। अपने वकील कृपाशंकर हजेला को 16 सितंबर 1927 को लिखे पत्र में कौमी एकता को जरूरी बताया। बालकों व मित्रों के लिए लिखा निष्क्रिय व्यक्ति जीवन से गुजर जाता है और अपने अस्तित्व का कोई प्रभाव नहीं छोड़ता। जैसे पानी पर झाग, वायुमंडल में धुआं। नवयुवकों निराश न हो। असफल होकर कोने में बैठकर शिकायत मत करो। उत्साहपूर्वक अपने आपको कार्य के प्रति समर्पित करो। मां को आखिरी चिट्ठी में लिखा जब मैं पैदा हुआ तो आपने कहा था कि अल्लाह ने अपना बंदा दिया जो उसकी अमानत है। वही अल्लाह देश के लिए अपनी अमानत वापस मांग रहा है। तो गुरेज नहीं होना चाहिए। अशफाक की पंक्तियां :हे मेरी मातृभूमि तेरी सेवा किया करूंगा, मुश्किल हजार आएं हर्गिज नहीं डरूंगा। फांसी मिले या जनम कैद हो मेरी, बेड़ी बजा बजा कर तेरा भजन किया करूंगा..।

दीपोत्सव में संतों के आवागमन के लिए की जायेगी वाहन की समुचित व्यवस्था – डीएम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में पंचम दीपोत्सव 2021 की तैयारी बैठक अयोध्या के अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में अयोध्या के गणमान्य पूज्य साधु संतों महात्माओं के साथ बैठक की।जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार का दीपोत्सव दिनांक 1 नवम्बर से 6 नवम्बर 2021 तक आयोजित होगा।दीपोत्सव में लगभग 9 लाख दीप जलाये जायेंगे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या के प्रमुख साधु संत सहित गणमान्य लोगो को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। साधु संतो को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने व वापस लाने हेतु जिला प्रशासन अच्छे वाहन की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने सभी गणमान्य साधु संत महात्माओं से पूर्व की भांति सहयोग करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम पूरे अयोध्यावासियों का है इसे गरिमापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने का प्रथम दायित्व यहां के साधु संतों–महात्माओं, गणमान्य नागरिकों व यहां पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों का है।जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक पूज्य साधु–सन्तों महात्माओं से जो सुझाव प्राप्त हुये है उन्हें पूरा कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्यता एवं गरिमामय रूप से सम्पन्न कराने में आप सभी के आशीर्वाद व सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित साधु संतों से हर प्रकार के सहयोग की अपील के साथ आर्शीवाद मांगा है। दीपोत्सव कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में आप सभी द्वारा जो मार्गदर्शन एवं आशीशवचन तथा सुझाव प्राप्त हुये है वे सभी स्वागत योग्य है। इस बार दीपोत्सव कार्यक्रम 1 नवम्बर से शुरू हो जायेगा। 2 नवम्बर को रिर्हसल एवं टू एण्ड टैवेल्स का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 3 नवम्बर को मुख्य कार्यक्रम लेजर शो लाइटिंग आयोजित कार्यक्रम सहित अन्य सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम आयोजित कराये जायेगे। आप सभी को आमंत्रण पत्र के साथ मेन्यू का एक फोल्डर संलग्न रहेगा जिसमें विभिन्न तिथियों को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का विवरण समय व स्थल निर्धारित रहेगा।3 नवम्बर को लेजर शो सहित राम की पैड़ी पर जो कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे उनकी 4 नवम्बर को पुनरावृत्ति करायी जायेगी ताकि अयोध्यावासी हर कार्यक्रम का अच्छे तरीके से आनन्द उठा सकें।शहर में जो निर्माण कार्य चल रहे है उन्हें 31 अक्टूबर तक प्रत्येक दशा में पूरा कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दे दिये गये है। मुख्य कार्यक्रम के दिन होलोग्राफी, लेजर शो, प्रोजेक्शन मैपिंग का कार्यक्रम आयोजित होगा तथा इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी की जायेगी।जिलाधिकारी ने सभी से पुनः अपील की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में संत महात्माओं को विस्तार से बताया। बैठक में नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास जी ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम स्थलों पर साधु संतों, महात्माओं को पहचानने के लिए स्थानीय मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जायें। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार साकेत डिग्री कालेज से शोभायात्राध्झांकी प्रत्येक दशा में प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ कराकर अपरान्ह 2 बजे तक रामकथा पार्क पर लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग के साथ राम के पैड़ी पर 7 लाख 51 हजार दीप गिनीज बुक में रिकार्ड दर्ज कराने हेतु लगभग 9 लाख दीप प्रज्जवलित करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके लिए डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी दी गयी है। 3 नवम्बर मुख्य कार्यक्रम के दिन सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से साकेत महाविद्यालय से रामकथा पार्क तक शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें बैंडबाजे के साथ 11 झांकियां रहेंगी। रामकथा पार्क में भगवान राम, माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण के स्वरूप के अगुवानी के साथ उनका विधि विधान से राज्याभिषेक का कार्यक्रम निर्धारित है। आरती स्थल पर बहुत ही सीमित लोगों को प्रवेश रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सूचना विभाग के सहयोग से अयोध्या सहित प्रदेश एवं देश के आम लोगों तक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हेतु 70 प्रमुख स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, एलईडी बैन लगायी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सरयू आरती, राम की पैड़ी सहित अन्य स्थलो पर दियो के लगाने की व्यवस्था, रामायण कालीन दृश्यो को लेजर शो के माध्यम से दिखाया जायेगा। 30 लाइट गेट व पूरे अयोध्या को सजाने, हेलीकाप्टर द्वारा आकाश से पुष्प वर्षा, विदेशी रामलीला व स्थानीय रामलीला दलो द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले रामलीला प्रसंगो का मंचन, राम की पैड़ी पर मुख्य अतिथि साधुसंतो तथा राम दरबार के लिये मंच व्यवस्था आदि के बारे में विस्तार से बताने के साथ जिलाधिकारी ने बताया कि दियो को जलाने हेतु विशेष पोषाक एक टी–शर्ट व कैप में 12 हजार वालिस्टियर्स को अवध विश्वविद्यालय द्वारा लगाया जा रहा है। दीपोत्सव में मुख्य रूप से पर्यटन, संस्कृति, सूचना, राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, विकास, राजस्व, उद्यान, नगर निगम, विकास प्राधिकरण आदि विभागों के लगभग 27 प्रकार के दायित्व दिये गये है और कहा गया है कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ दीपोत्सव की तैयारी करें। सूचना विभाग द्वारा दीपोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं अन्य प्रचार साधनों द्वारा सजीव प्रसारण किया जायेगा। बैठक में अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, सहित दीपोत्सव से जुड़े अधिकारी सहित महंत सुरेश दास, महंत कमल नयन दास, महंत जन्मेजयशरण, शशिकांत दास, महंत गिरीश दास, योगेश दास, मथुरा दास, महंत राम मिलन दास, श्याम दास, सुरेश दास, स्वामी अवधेश कुमार दास, रामायणी राम दास, महंत ज्ञानी चरन जीत सिंह, योगेन्द्र नारायण त्रिपाठी, लाल जी मिश्रा, अभय दास, कृष्ण प्रताप तिवारी, स्वामी मयंक दास सहित कई संत महंत के अलावा उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, एआरटीओ आर0पी0 सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समाज व राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित समाज सेवी व उद्योगपति ने जनपद के तीन प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प का उठाया बीड़ा

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : जिले के तीन परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण प्रसिद्ध उद्योगपति हरिओम तिवारी करवाएंगे। इसके लिए तीन विकास खंडों से कायाकल्प के लिए विद्यालयों की सूची बीएसए ने श्री तिवारी को सौंप दी है।आपको बताते चलें कि पिछले महीने प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति हरिओम तिवारी ने जनपद के तीन परिषदीय विद्यालयों को गोद लेने की बात कही थी। जनपद के तीनों विद्यालयों का कायाकल्प करवाने का जिम्मा श्री तिवारी ने उठाया है। इसके बाद बीएसए संतोष देव पांडेय ने शिक्षा क्षेत्र सोहावल से कम्पोजिट विद्यालय हरिबंधन पुर व बीकापुर से कम्पोजिट विद्यालय लुफ्तफाबाद और मसौधा से कम्पोजिट विद्यालय गौहनिया सहित तीन ब्लॉक से तीन विद्यालयों को चयनित कर कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए श्री तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व हरिओम तिवारी ने सैकड़ों नौजवानों को रोजगार देने का भी काम किया है तथा सरकार द्वारा संचालित गौशालाओं व दर्जनों गरीब परिवार के बच्चे जो शिक्षा अर्जित करने में असमर्थ हैं, उन बच्चों की शिक्षा के लिए भी वीणा उठाने के साथ, गरीब परिवार की लड़कियों की सादी कराने में भी सम्पूर्ण सहयोग करने में आगे रहते हैं। एक मुलाकात में प्रसिद्ध उदोगपति और समाजसेवी हरिओम तिवारी ने बताया कि इन सभी विद्यालयों को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा। जो एक मॉडल के रूप में होगा।

संतों में कुर्सी की रार, अखाड़ा परिषद दो फाड़, सात अखाड़ों ने महंत रवींद्र पुरी को चुना नया अध्यक्ष, राजेंद्र दास महामंत्री बने

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : चुनावी एजेंडे के तहत निरंजनी अखाड़े के बाघबंरी गद्दी मठ में 25 अक्तूबर को बुलाई गई बैठक से पांच दिन पहले ही बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से 13 में से सात अखाड़े टूटकर अलग हो गए। इस नए धड़े ने बहुमत के आधार पर अलग अखाड़ा परिषद का गठन करते हुए नए आनन–फानन में महंत नरेंद्र गिरि की जगह नए अध्यक्ष के तौर पर महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी के नाम का एलान कर दिया। महामंत्री पद पर राजेंद्र दास को मनोनीत किया गया। उधार, अखाड़ा परिषद की ओर से अधिकारिक रिक्त अध्यक्ष पद पर को भरने के लिए चुनावी एजेंडा जारी करने वाले मौजूदा महामंत्री हरि गिरि ने इस गठन को अवैधानिक और शून्य बताते हुए सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि अखाड़ा परिषद की चुनावी बैठक निर्धारित समय और तय स्थान पर ही होगी। कनखल में पंचायती अखाड़ा में हुई बैठक। बाघंबरी मठ में महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद रिक्त हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष पद को लेकर संन्यासी और वैरागी अखाड़ों का कलह बृहस्पतिवार को अलग धड़े के रूप में सामने आ गया। हरिद्वार के कनखल स्थित पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी में बृहस्पविार को सात अखाड़ों ने अलग अखाड़ा परिषद के गठन का एलान कर दिया। इसमें पंचायती महानिर्वाणी, अटल अखाड़ा, निर्मल अखाड़ा, पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, निर्मोही अनी, निर्वाणी अनी और दिगंबर अनी अखाड़े शामिल हुए। इसमें संन्यासियों, वैष्णवों के अलावा निर्मल और उदासीन संप्रदाय के सात अखाड़ों ने मिलकर नए अध्यक्ष व महामंत्री समेत कई पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। इसमें महानिर्वाणी अखाड़े के सतिव महंत रवींद्रपुरी को नव गठित अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष और निर्मोही अनी अखाड़े के महंत राजेंद्र दास को महामंत्री घोषित किया गया। इस एलान के बाद नए महामंत्री महंत राजेंद्र दास ने कहा कि यही अखाड़ा परिषद वैधानिक रूप से सही है। इसके तहत सभी धर्माचार्यों को एक मंच पर लाया जाएगा। अटल अखाड़े के महंत सत्यम गिरि ने कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी के नेतृत्व में ही अब प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में होने वाले कुंभ मेले कराए जाएंगे। बैठक में ये संत रहे मौजूद, बाबा हठयोगी, महंत धर्मदास, महंत गौरीशंकर दास, महंत रामकिशोर दास शास्त्री, महंत मोहनदास खाकी, महंत ईश्वरदास, महंत श्यामदास, महंत रघुवीर दास, महंत गोविंद दास, महंत दामोदर दास, नागा महंत सुखदेव दास, महंत बिहारी शरण, महंत अंकित शरण सहित अखाड़ों के कई संत महंत मौजूद रहे। चुनाव के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने दक्ष महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। नए अखाड़ा परिषद में इन्हें मिली जिम्मेदारी नई कार्यकारिणी में पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के कोठारी महंत दामोदर दास को उपाध्यक्ष, पंचायती अखाड़ा निर्मल के कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री को कोषाध्यक्ष, पंच दिगंबर अणि अखाड़े के महंत रामकिशोर दास को मंत्री, पंच निर्वाणी अणि अखाड़े के महंत गौरीशंकर दास को प्रवक्ता, पंचायती निर्वाणी अणि अखाड़े के महंत धर्मदास और पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के महंत महेश्वरदास को संरक्षक बनाया है। निर्मल अखाड़े के सचिव और अखाड़ा परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से मैंने चुनावी प्रक्रिया पूरी कराई है। कोरम पूरा होने के बाद ही अखाड़ा परिषद का चुनाव कराया गया। यह गठन पूरी तरह संवैधानिक और लोकतांत्रिक है। महंच देवेंद्र सिंह शास्त्री, कार्यवाहक अध्यक्ष। लोकतांत्रिक तरीके से हुआ कार्यकारिणी का गठन। नए अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि व्यवस्थाएं बदलती रहती हैं। पिछले 13 वर्षों से परंपरा रही है कि अखाड़ा परिषद के सर्वोच्च दो पदों में एक संन्यासियों और एक बैरागी अखाड़ों के पास रहता है। लोकतंत्र में बहुमत का महत्व है। बहुमत के आधार पर महानिर्वाणी, अटल, निर्मल, पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, निर्मोही, निर्वाणी, दिगंबर अखाड़ों ने अध्यक्ष और महामंत्री का चयन किया है। विचार–विमर्श के लिए किसी को भी मनाही नहीं है। मुझे जानकारी मिली कि कुछ संतों ने हरिद्वार में बैठक कर मनन–चिंतन किया है, लेकिन अखाड़ा परिषद का चुनाव कराने का दावा निराधार है। अखाड़ा परिषद एक संवैधानिक आध्यात्मिक संस्था है और इसके अस्तित्व से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। 25 अक्तूबर को ही प्रयागराज में अखाड़ा परिषद की चुनाव बैठक निर्धारित है और उसमें लिए जाने वाले फैसले मान्य होंगे। –महंत हरि गिरि, महामंत्री, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद।

जिले की सुर कोकिला विदुषी वर्मा हुई सम्मानित

जौनपुर (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : जिले की सुर कोकिला विदुषी वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, सिगरा ,वाराणसी में आयोजित रामायण कॉन्क्लेव में माननीय डॉ. नीलकंठ तिवारी जी (राज्य मंत्री, संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य)(स्वतंत्र प्रभार)उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित किया गया। विदुषी को यह सम्मान सुबह– ए –बनारस में दिए गए सांगीतिक योगदान के लिए मिला। विदुषी मूलतः त्रिलोचन बाजार की निवासिनी है। विदुषी वर्तमान में सनबीम इंग्लिश स्कूल ,भगवानपुर वाराणसी में कक्षा नौवीं की छात्रा है। ख्यातिलब्ध शास्त्रीय संगीत गायक पंडित देवाशीष दे के देख –रेख में विदुषी संगीत की बारीकियां सीख रही हैं। विदुषी के भजन संग्रह राम नाम का अमृत पी ले ,हे गणेश देवा ,महादेव ,जय–जय यशोदा के लाला एवं गंगा बहती जाये सबसे कहती जाये समेत अनेक एल्बम यूट्यूब पर आ चुके हैं।

देश की बड़ी समस्या बेटियों की शिक्षा व विवाह : पोस्टमास्टर जनरल

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : "समृद्ध सुकन्या समृद्ध समाज" अभियान के तहत गाँधी सभागार अयोध्या में ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना का महामेला आयोजित किया गया द्य महामेला में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने शिरकत करते हुए कहा कि आज देश की बड़ी समस्या बेटियों की शिक्षा व विवाह है ऐसे में सिर्फ सुकन्या समृद्धि योजना ही बेटियों के भविष्य को संवारते हुए उनके सपनो को पंख लगा सकता है द्य यह सुकन्या योजना बेटियों को उच्च शिक्षा जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवाओं की सौगात देने के साथ–साथ भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध पर रोक लगा रहा है और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा द्य श्री दक्ष ने यह भी कहा कि बेटियाँ देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है । साथ ही श्री दक्ष ने नागरिकों एवं जन सेवकों से अपील भी किया कि सभी आस पास की बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए उनके अभिभावक को डाकघर में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' के अन्तर्गत खाता खुलवाने हेतु प्रेरित करें । इस अवसर पर फैजाबाद मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर आर.एन. यादव ने कहा है "समृद्ध सुकन्या समृद्ध समाज" अभियान 29 अक्टूबर तक शत प्रतिशत बेटियों का सुकन्या खाता खोलने हेतु घर घर डाक विभाग संपर्क कर रहा हैद्य आज इस महामेला में 14790 सुकन्या खाता खोले गये हैं तथा अबतक फैजाबाद मण्डल में लाखों खाते जा चुके है इसके साथ ही 1101752 का डाक जीवन बीमा किश्त जमा कराया गया द्य श्री यादव ने यह भी बताया कि 10 साल तक की बेटियों का सुकन्या खाता खोलने से मात्र 14 वर्ष तक धन जमा करना होता है और बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर 50 प्रतिशत व सम्पूर्ण राशि 21 वर्ष पूरा होने पर निकाली जा सकती है । इस योजना के अंतर्गत 80 सी के तहत आयकर में छूट का भी प्रावधान है । इस अवसर पर पार्षद विजेंद्र सिंह, अशोका द्विवेदी, अनुभव जायसवाल, सन्तोष सिंह, श्री कृष्ण, रामानन्द तिवारी, शंकुतला, प्रधान जयभान सिंह, अयोध्या प्रसाद वर्मा, मनोज सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह राजेश सिंह, महेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित रहे।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रामलला का किया दर्शन, ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ मंदिर निर्माण तैयारियों को भी देखा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कारसेवकपुरम में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पांच दिवसीय अखिल भारतीय शारीरिक प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेने पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के के पदाधिकारियों के साथ रामलला का दर्शन किया और मंदिर निर्माण कार्य को भी देखा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार दोपहर बाद ट्रस्ट के सचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष अनिल मिश्र, सदस्य महंत दिनेंद्र दास के साथ रामलला का दर्शन करने पहुंचे। इसके अलावा उनके साथ संघ के सह सर कार्यवाह दत्रात्रेय हसबोले, कृष्ण गोपाल, भैया जी जोशी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने मंदिर के चतुष्कोण करने व दर्शन मार्ग से सुलभ व उस पर भीड़ के दौरान व्यवस्था की भी जानकारी ली। इससे पहले कारसेवकपुरम में बुधवार को संघ प्रमुख ने अखिल भारतीय शारीरिक वर्ग को तीन सत्र में संबोधित किया। उन्होंने देश के कोने–कोने में संघ की शाखाएं चालू करने पर जोर दिया। मंदिर निर्माण में संघ की भूमिका व उसके भविष्य पर भी मंथन किया गया। संघ प्रमुख अपने तीन दिवसीय प्रवास पर मंगलवार की रात अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में देशभर में संघ की शाखाओं के नियमित संचालन पर जोर दिया गया।

वर्ष 2021–22 मे मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद हेतु जनपद के प्रत्येक तहसील में ''किसान पंजीयन कैम्प'' का अयोजन 25 से 29 अक्टूबर तक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 मे मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद हेतु जनपद के प्रत्येक तहसील में ''किसान पंजीयन कैम्प'' का अयोजन 25 अक्टूबर 2021 दिन सोमवार से 29 अक्टूबर 2021 दिन शुक्रवार (05 दिन) तक किया गया है। जिसमें किसान भाई अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक/चेक की प्रति, भूमि का विवरण–खतौनी, किसान के पते का विवरण, भूमि में अपने हिस्सेदारी का विवरण, कितने क्षेत्रफल पर धान को बोया गया है, कितनी मात्रा में गन्ना एवं अन्य फसल बोई गई है, के विवरण के साथ आकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीद वर्ष 2021–22 में धान विक्रय हेतु आधार नम्बर से जुड़े हुए चालू मोबाइल नम्बर को भरना अनिवार्य है। पंजीकरण के समय कृषक के आधार में दर्ज मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओ0टी0पी0 का प्रयोग करने के पश्चात ही पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होगी। जिन किसान भाई का आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नम्वर बदल गया हो, वो किसान भाई इस कैम्प में आकर अपना वर्तमान मोबाइल नम्बर अपने आधार UIDAI Government Agency निर्धारित मात्र 50/– शुल्क जमा कर जुड़वा सकते है। उन्होंने आगे बताया कि दिनाँक 23 अक्टूबर,2021 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फैजाबाद में आयोजित जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन एवं रवी उत्पादकता गोष्ठी/किसान मेला प्रदर्शनी,2021 में भी पंजीकरण /समाधान कैम्प भी लगाया जा रहा है, जिसमें किसान बन्धु सम्मिलित होकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

हिन्दू महासभा ने स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती को दी बधाई

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : अखिल भारत हिन्दू महासभा ने यति नरसिंहानंद सरस्वती जी को जूना अखाड़ा का महामंडलेश्वर बनाये जाने पर शुभकामना एवं बधाई दी। महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ,हिन्दू महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष बबिता यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह उर्फ बजरंग सिंह,महिला सभा जिलाध्यक्ष रजनी सिंह,जिला महामंत्री रेनू सिंह, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद, महानगर अध्यक्ष मुकेश निषाद रेड्डी,जिला संगठन मंत्री हेमंत निषाद, सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों और नेताओं ने यति नरसिंहानंद सरस्वती जी महाराज को मिली इस नई जिम्मेदारी पर खुशी व्यक्त करते हुए भरोसा जताया कि जूना अखाड़ा हिन्दू समाज को हिंदुत्व की लड़ाई में प्रमुख भूमिका निभा सकेगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता स्वामी नारायण गिरी जी महाराज की पहल पर जूना अखाड़े के महामंत्री स्वामी हरि गिरी जी महाराज ने बुधवार को यति नरसिंहानंद सरस्वती जी महाराज को अपना शिष्य बनाकर उनका महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया।

खाद की दूकानों पर छापेमारी, दो दुकाने निलंबित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : खाद की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बेच रहे दुकानदारों पर शिकंजा कसने के लिए गुरुवार को जनपद में जिलाधिकारी ने कई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 18 जगह से नमूने लिए गए और बिना सूचना के दुकान बंद रखने वाले दो दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।शासन से निर्देश आने के बाद जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने किसानों को डीएपी और एनपीके सही मूल्य उपलब्ध कराए जाने को सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक निरीक्षक और अधिकारियों की तहसील वार ड्यूटी लगाई गई। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि छापे में खाद के 38 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं 18 संदिग्ध खाद के नमूने लिए गए, जिसका परीक्षण विभिन्न प्रयोगशाला में कराया जायेगा। जांच के समय बिना किसी सूचना के प्रतिष्ठान बन्द कर गायव होने के कारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण नहीं किया जा सका, जिसकी वजह से उन प्रतिष्ठानों का लाइसेन्स निलम्बित करते हुये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निलम्बित किये जाने वालों में मेसर्स प्रकाश खाद भंडार, गोसाईगंज व मेसर्स किसान खाद भण्डार, महबूबगंज शामिल हैं।

स्वास्थ्य केन्द्रो पर मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस, महिलाओं ने परिवार नियोजन की सेवाओ का उठाया लाभ

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने, इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जनपद में ''खुशहाल परिवार दिवस'' मनाया गया । जिसमें योग्य दम्पतियों 7000 लगभग महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएँ दी गयी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि इसी क्रम में जनपद के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों 34 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 246 उप स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया । अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ0 आरके सक्सेना ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनपद के सीएससी पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जायेगा , कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी एचआरपी वाली महिलाएं , लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को चिन्हित किया गया है । इस विशेष दिन पर प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधान अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव एक वर्ष से कम समय पहले हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च संकट गर्भावस्था की रही है, ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाएगा द्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनपद के सीएससी पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी एचआरपी वाली महिलाएं , लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को चिन्हित किया गया । खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम में दी गई सुविधाएं कंडोम– 7900 ,आईयूसीडी–122 महिला नसबंदी–7 , पीपीआईयूसीडी– 24 ,छाया–1050 , माला–एन 3410, अंतरा इंजेक्शन– 135 द्य कार्यक्रम में योग्य दम्पतियों लगभग 7 हजार महिलाओ को सेवा प्रदान की गई।

28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित होगा दीपावली मेला–जिलाधिकारी

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : 20 अक्टूबर 2021 जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में दीपावली मेले का सुनियोजित आयोजन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि शासन ने दीपावली मेले का आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर से 4 नवंबर 2021 तक किये जाने के निर्देश दिये है, जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद रुदौली क्षेत्र में मेले के आयोजन की तैयारी हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दीपावली मेले का मुख्य उद्देश्य पटरी रेहड़ी विक्रेताओ को अपनी आय बढ़ाए जाने के दृष्टिगत एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। दीपावली मेले को आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए मेले में फूड स्टॉल एवं बच्चों के लिए सुरक्षित प्रकार के झूले आदि के मनोरंजनात्मक स्टॉल लगाए जाएंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली, स्थानीय लोक गायन, स्थानीय कौशल एवं कला का प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। इसमें विभिन्न विकास विभाग के लाभार्थी परख योजनाओं पर आधारित स्टाल भी लगाये जायेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली मेले का आयोजन में शासकीय विभागों के साथ साथ आम लोगों की भी भागेदारी बढ़ाने के लिए कार्यवाही किया जायेगा। इस बैठक में मेले के सम्बंध में विस्तृत कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी लव कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मेले में स्थानीय उद्योग से जुड़े व्यक्तियों को भी बुलाया जाय तथा जो खानपान के आवश्यक स्टाल लगाते है उनको भी बुलाया जाय तथा एक जिला एक उत्पाद को भी बढ़ावा देने की कार्यवाही किया जाय। इसके साथ ही मेले में शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के कैंप जैसे आयुष्मान कार्ड, बैंक ऋण वितरण, टीकाकरण, एक जनपद एक उत्पादन, माटी कला एवं समूह महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनीध्स्टाल लगाने की कार्यवाही की जाय। इस बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी के अलावा उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं विकास तथा विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित ए